हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
1 अप्रैल 2024, समय 1305

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा, भारतीय बैंकिंग क्षेत्र का परिवर्तन एक केस स्टडी है। उन्होंने कहा, सरकार ने पीएसयू बैंकों के पुनरुद्धार के लिए 3.5 लाख करोड़ रुपये की पूंजी डाली है । श्री मोदी मुंबई में भारतीय रिजर्व बैंक के 90 वर्ष पूरे होने के स्मृति समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है, देश की जीडीपी मौद्रिक और राजकोषीय नीतियों के बीच समन्वय पर निर्भर है। उन्होंने कहा, आरबीआई दुनिया में अपनी व्यावसायिकता और प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा, केंद्रीय बैंक मौद्रिक सख्ती के बावजूद जी-सेक पैदावार को स्थिर करने में सक्षम रहा है और मुद्रास्फीति की उम्मीदों को नियंत्रित करने में भी सफल रहा है। प्रधान मंत्री ने जोर देकर कहा कि यह दशक विकसित भारत को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है।
कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त राज्य मंत्री भागवत किशनराव कराड और पंकज चौधरी भी शामिल हुए। इस अवसर पर बोलते हुए, आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, एक संस्था के रूप में रिजर्व बैंक का विकास भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है।

....

वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि आज से शुरू होने वाले वित्त वर्ष में कर प्रणाली में कोई नया बदलाव नहीं किया जा रहा है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर नई कर व्यवस्था के संबंध में दी जा रही सूचनाओं को भ्रामक बताते हुए इनका खंडन किया है। मंत्रालय ने कहा है कि नई कर व्यवस्था मुख्य रूप से व्यक्तिगत करदाताओं पर लागू होती है।
यह वित्त वर्ष 2023-24 से डिफ़ॉल्ट व्यवस्था के रूप में लागू है। नई कर व्यवस्था में कर की दरें काफी कम हैं लेकिन, इसमें वेतन से 50 हजार रुपये और पारिवारिक पेंशन से 15 हजार रुपये की मानक कटौती जैसे लाभ शामिल नहीं है। मंत्रालय ने कहा है कि नई कर व्यवस्था डिफ़ॉल्ट कर व्यवस्था है। हालांकि करदाता अपने फायदे को देखते हुए दोनों में से कोई एक व्यवस्था चुन सकता है।
मंत्रालय ने कहा है कि नई कर व्यवस्था से बाहर निकलने का विकल्प आकलन वर्ष 2024-25 के लिए रिटर्न दाखिल करने से पहले चुना जा सकता है।

....

अठारवे लोकसभा चुनावों के मद्देनज़र हरियाणा के कई ज़िलों में चनाव से सम्बंधित तैयारीआं चल रही है ।

पानीपत उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि लोकसभा चुनावों में नागरिकों के अधिकारों को सशक्त करने के लिए चुनाव आयोग ने 6 मोबाइल एप लॉन्च किए हैं, इन एप के माध्यम से महज एक क्लिक पर वोट बनवाने, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत करने, उम्मीदवारों के नामांकन पत्र देखने सहित कई कार्य किये जा सकते हैं। दिव्यांग मतदाताओं के लिए सक्षम एप शुरू किया है।

डॉ विरेन्द्र ने बताया कि चुनाव में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आयोग ने तकनीकी युग में मतदाताओं की मदद के लिए यह कदम उठाए हैं।

पलवल निर्वाचन अधिकारी नेहा सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आम लोकसभा चुनाव 2024 के सुचारू संचालन के लिए फ्लाइंग स्क्वायड टीम, स्टेटिक सर्विलांस टीम, वीडियो निगरानी टीम व वीडियो देखने वाली टीमों का गठन किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त आदेश अनुसार आमजन को असुविधा से बचाने और उनकी शिकायतों के निवारण के लिए जिला शिकायत समिति का गठन किया गया है।

अधिकारी प्रशांत पंवार ने बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से नेत्रहीन दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए एपिक कार्ड और फोटो वोटर स्लिप ब्रेल लिपि में छपवाई जाएगी और ब्रेल बैलेट पेपर तथा ईवीएम पर स्लिप की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इसके अलावा, दिव्यांग मतदाताओं को अनेक प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिसमें व्हीलचेयर की व्यवस्था, मतदान केंद्रों में रैम्प और परिवहन की सुविधा शामिल है। उन्होंने बताया कि नेत्रहीन दिव्यांग मतदाता और असक्त दिव्यांग मतदाता जो मशीन का बटन दबाकर वोट डालने में असमर्थ हैं, वे वोट डालने के लिए एक सहयोगी को अपने साथ लेकर जा सकते हैं।

....

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी सतीश पुनिया ने कल पंचकूला स्थित पंचकमल कार्यालय में भाजपा प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बैठक की और उसके उपरांत पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। हरियाणा की हर लोकसभा की परिस्थिति के अनुसार रणनीती बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने एनडीए के लिए 400 पार और भाजपा के लिए 370 प्लस का जो लक्ष्य रखा है, उसे पूरा करने के लिए कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर काम कर रहे है। पहले गुरूग्राम में और अब पंचकूला में लोकसभा चुनाव के प्रबंधन को लेकर मंथन व समीक्षा की गई। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने की भी अपील की।